CAREERINDIA

**SET – 3**

**Series : GBM/1**

**कोड नं.**
**Code No. 59/1/3**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **17** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **22** से **27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number **1 – 5** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii)* *Questions number **6 – 10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* *Questions number **11 – 16** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* *Questions number **17 – 21** are of **five** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi)* *Question number **21** is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number **22 – 27** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

1. भारत में वामपंथी कहे जाने वाले दलों की विचारधारा क्या रही है ? **1**

   What has been the ideology of left parties in India ?

2. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अतिरिक्त आरक्षण की माँग किस सीमा तक उचित है ? **1**

   How far is the demand for reservation beyond SCs, STs and OBCs justified ?

3. सांस्कृतिक समरूपता तथा सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण में अंतर स्पष्ट कीजिए । **1**

   Distinguish between cultural homogenization and cultural hetrogenisation.

4. भारत-रूस मैत्री की किसी एक विशिष्ट विशेषता का उल्लेख कीजिए । **1**

   State any one special feature of Indo-Russian friendship.

5. निम्नलिखित में से कौन सा अमरीका द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध इसके वैश्विक युद्ध का हिस्सा था ? **1**

   (a) ऑपरेशन डेज़र्ट स्टॉर्म

   (b) कम्प्यूटर वार

   (c) ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम

   (d) वीडियोगेम वार

   Which one of the following was a part of its global war on terrorism by the U.S. ?

   (a) 'Operation Desert Storm'

   (b) Computer War

   (c) 'Operation Enduring Freedom'

   (d) Videogame War

www.careerindia.com

CAREERINDIA

6. आपके विचार में, क्या आनंदपुर साहिब प्रस्ताव संघात्मकता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक तर्क था अथवा एक अलग सिक्ख राष्ट्र के पक्ष में ? **2**

In your opinion, was Anandpur Sahib Resolution a plea for strengthening federalism or a plea for separate Sikh nation ?

7. सूची (ब) में दिए गए कथनों का सूची (अ) में दिए गए नेताओं के नाम के साथ सही मेल कीजिए । **4 × ½ = 2**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| (a) लाल बहादुर शास्त्री | (i) भारतीय साम्यवादी दल (साम्यवादी-लेनिनवादी) का संस्थापक |
| (b) सी. नटराजन अन्नादुरई | (ii) डी.एम.के. का संस्थापक |
| (c) चारु मजूमदार | (iii) 1952 से 1986 में मृत्यु तक जो सांसद रहा । |
| (d) जगजीवन राम | (iv) 'जय जवान-जय किसान' का प्रसिद्ध नारा देने वाला |

Match the following leaders in List – A with the suitable statements in List – B :

| **List – A** | **List – B** |
|---|---|
| (a) Lal Bahadur Shastri | (i) Founder of Communist Party of India (Marxist-Leninst). |
| (b) C. Natarajan Annadurai | (ii) Founder of D.M.K. |
| (c) Charu Majumdar | (iii) A Member of Parliament from 1952 till his death in 1986. |
| (d) Jagjiwan Ram | (iv) Coined the famous slogan 'Jai Jawan – Jai Kisan'. |

8. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अधिकांश भारतीयों द्वारा स्वीकार्य तथा स्वप्न के रूप में देखे गए, दो ऐसे लक्ष्यों का आकलन कीजिए जिनकी पूर्ति स्वतंत्रता के पश्चात हुई । **2 × 1 = 2**

Assess the commonly agreed upon two goals visualized by the Indians during the national movement which have been fulfilled after independence.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

9. क्षेत्रीय आकांक्षाओं से निपटने की दिशा में लोकतांत्रिक बातचीत के तरीकों की भूमिका का आकलन कीजिए । **2**

Assess the role of democratic negotiations in responding to regional aspirations.

10. 1960 के दशक में, दोनों महाशक्तियों ने हथियारों की होड़ पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए, कौन से दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए ? **2 × 1 = 2**

Starting in the 1960s, the two super powers signed which two significant agreements to control arms ?

11. चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार के बावजूद, चीन के लोगों पर पड़े इसके किन्हीं चार दुष्प्रभावों का उल्लेख कीजिए । **4 × 1 = 4**

Mention any four negative consequences on the people of China inspite of improvement in the Chinese economy.

12. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थायी सदस्य के रूप में प्रविष्टि को कुछ देश क्यों चुनौती देते हैं ? स्पष्ट कीजिए । **4**

Why do some countries question India's inclusion as a permanent member of the U.N. Security Council ? Explain.

13. वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप राज्य की कार्यक्षमता को कैसे बढ़ावा मिला है ? व्याख्या कीजिए । **4**

How has state capacity received a boost as a consequence of globalization ? Explain.

14. स्वतंत्र भारत में प्रारंभ से लेकर अब तक मतदान के तरीके कैसे बदलते रहे हैं ? कारण भी स्पष्ट कीजिए । **4**

How did the methods of voting in free India go on changing from time to time till day ? Explain the reasons also.

15. 1979 में जनता सरकार के पतन के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों का विश्लेषण कीजिए । **4 × 1 = 4**

Analyse any four factors responsible for the downfall of the Janata Government in 1979.

16. हैदराबाद के भारत में विलय के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए । **4**

Explain the circumstances that led to the accession of Hyderabad to India.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

17. नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

दक्षिण एशिया में लोकतंत्र का रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है । इसके बावजूद दक्षिण एशियाई देशों की जनता लोकतंत्र की आकांक्षाओं में सहभागी है । इस क्षेत्र के पाँच बड़े देशों में हाल ही में एक सर्वेक्षण किया गया था । सर्वेक्षण से यह बात ज़ाहिर हुई कि इन पाँचों देशों में लोकतंत्र को व्यापक जन-समर्थन हासिल है । इन देशों में हर वर्ग और धर्म के आम नागरिक – लोकतंत्र को अच्छा मानते हैं और प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र की संस्थाओं का समर्थन करते हैं । इन देशों के लोग शासन की किसी और प्रणाली की अपेक्षा लोकतंत्र को वरीयता देते हैं और मानते हैं कि उनके देश के लिए लोकतंत्र ही ठीक है । ये निष्कर्ष बड़े महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि पहले से माना जाता रहा है कि लोकतंत्र सिर्फ विश्व के धनी देशों में फल-फूल सकता है । इस लिहाज से देखें तो दक्षिण एशिया के लोकतंत्र के अनुभवों से लोकतंत्र की वैश्विक कल्पना का दायरा बढ़ा है ।

(i) प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र की लोकप्रियता का आकलन कीजिए ।

(ii) दक्षिण एशिया के पाँच बड़े देशों में लोकतंत्र को व्यापक समर्थन मिलने के कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

(iii) आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं कि लोकतंत्र केवल विश्व के धनी देशों में ही फल-फूल सकता है ? **1 + 2 + 2 = 5**

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

Despite the mixed record of the democratic experience, the people in all these countries of South Asia share the aspiration for democracy. A recent survey of the attitudes of the people in the five big countries of the region showed that there is widespread support for democracy in all these countries. Ordinary citizens, rich as well as poor and belonging to different religions, view the idea of democracy positively and support the institutions of representative democracy. They prefer democracy over any other form of government and think that democracy is suitable for their country. These are significant findings, for it was earlier believed that democracy could flourish and find support only in prosperous countries of the world.

(i) Assess the popularity of representative democracy.

(ii) Analyse the reasons for the widespread support for democracy in the five big countries of South Asia.

(iii) How far do you agree with the statement that democracy can flourish and find support only in prosperous countries ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA

18. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आंदोलन का मतलब सिर्फ़ धरना-प्रदर्शन या सामूहिक कार्रवाई नहीं होता । इसके अंतर्गत किसी समस्या से पीड़ित लोगों का धीरे-धीरे एकजुट होना और समान अपेक्षाओं के साथ एक-सी माँग उठाना जरूरी है । इसके अतिरिक्त, आंदोलन का एक काम लोगों को अपने अधिकारों को लेकर जागरूक बनाना भी है ताकि लोग यह समझें कि लोकतंत्र की संस्थाओं से वे क्या-क्या उम्मीद कर सकते हैं । भारत के सामाजिक आंदोलन बहुत दिनों से जनता को जागरूक बनाने के इस काम में संलग्न हैं । ऐसे में इन आंदोलनों ने लोकतंत्र को बाधा नहीं पहुँचायी बल्कि उसका विस्तार किया है ।

(i) आंदोलन के परिणामस्वरूप भारतीयों को मिले किसी एक अधिकार का उल्लेख कीजिए ।

(ii) आप कहाँ तक सहमत हैं कि सामाजिक आंदोलनों ने लोकतंत्र को बाधा नहीं पहुँचायी बल्कि उसका विस्तार किया है ?

(iii) लोकतंत्र की संस्थाओं तथा आंदोलनों के बीच क्या संबंध है ? **1 + 2 + 2 = 5**

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

Movements are not only about collective assertions or only about rallies and protests. They involve a gradual process of coming together of people with similar problems, similar demands and similar expectations. But then movements are also about making people aware of their rights and the expectations that they can have from democratic institutions. Social movements in India have been involved in these educative tasks for a long time and have thus contributed to expansion of democracy rather than causing disruptions.

(i) Mention any one right granted to the people of India as a result of any movement.

(ii) How far do you agree that social movements have contributed to the expansion of democracy rather than causing disruptions ?

(iii) What is the relationship between the movements and the democratic institutions ?

19. निम्नलिखित अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

परमाणु युद्ध की सूरत में दोनों पक्षों को इतना नुकसान उठाना पड़ेगा कि उनमें से विजेता कौन है – यह तय करना भी असंभव होगा । अगर कोई अपने शत्रु पर आक्रमण करके उसके परमाणु हथियारों को नाकाम करने की कोशिश करता है तब भी दूसरे के पास उसे बर्बाद करने लायक हथियार बच जाएँगे । दोनों ही पक्षों के पास एक-दूसरे के मुकाबले और परस्पर नुकसान पहुँचाने की इतनी क्षमता होती है कि कोई भी पक्ष युद्ध का खतरा नहीं उठाना चाहता । इस तरह, महाशक्तियों के बीच गहन प्रतिद्वंद्विता होने के बावजूद शीतयुद्ध रक्तरंजित युद्ध का रूप नहीं ले सका और इसकी तासीर ठंडी रही । पारस्परिक 'अपरोध' की स्थिति ने युद्ध तो नहीं होने दिया, लेकिन यह स्थिति पारस्परिक प्रतिद्वंद्विता को न रोक सकी ।

(i) महाशक्तियों के बीच गहरी प्रतिद्वंद्विता केवल शीतयुद्ध ही क्यों बनी रही ?

(ii) दोनों परमाणु शक्तियों के बीच होने वाला परमाणु युद्ध निर्णायक क्यों नहीं हो सकता ?

(iii) 'अपरोध' के तर्क को स्पष्ट कीजिए । **2 + 2 + 1 = 5**

www.careerindia.com

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

In the event of a nuclear war, both sides will be so badly harmed that it will be impossible to declare one side or the other as the winner, even if one of them tries to attack and disable the nuclear weapons of its rival, the other would still be left with enough nuclear weapons to inflict unacceptable destruction. Both sides have the capacity to retaliate against an attack and to cause so much destruction that neither can afford to initiate war. Thus, the cold war – inspite of being an intense form of rivalry between great powers – remained a 'cold' and not hot or shooting war. The deterrence relationship prevents war but not the rivalry between powers.

(i) Why did intense rivalry between the super powers remain a cold war only ?

(ii) Why can't a nuclear war between the two nuclear powers be decisive ?

(iii) Explain the logic of 'deterrence'.

20. यह कार्टून रज़वाड़ों की जनता और वहाँ के शासकों के आपसी संबंधों पर टिप्पणी करता है ।




ऊपर दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कार्टून में दाईं ओर खड़े नेता को पहचानिए और उसका नाम लिखिए ।

(ii) यह कार्टून राजा तथा प्रजा में किस प्रकार के संबंधों को दर्शाता है ?

(iii) रजवाड़ों की समस्या को हल करने के लिए दाईं ओर खड़े नेता द्वारा अपनाया गया तरीका, आपकी राय में, कहाँ तक सफल रहा ? **1 + 2 + 2 = 5**

Study the following cartoon carefully and answer the questions that follow :




This cartoon comments on the relation between the people and the rulers in the Princely States.

(i) Identify and name the leader shown on the right in the cartoon.

(ii) What type of relationship does the cartoon indicate between the people and the ruler ?

(iii) In your opinion, how successful was the approach adopted by the leader on the right to solve the issue of Princely States ?

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित** परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **20** के स्थान पर है ।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

20.1. जवाहरलाल नेहरू की पहली मंत्रिपरिषद में उप-प्रधानमंत्री कौन था ?

20.2. सहमतिपत्र पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, मणिपुर के महाराजा को भारत सरकार द्वारा क्या आश्वासन दिया गया था ?

20.3. हैदराबाद की प्रजा में से किस वर्ग ने निज़ाम के विरुद्ध आवाज़ उठाई और क्यों ? **1 + 2 + 2 = 5**

**Note :** The following question is for **visually impaired** candidates only in lieu of Q. No. **20**.

Answer the following questions :


20.1 Name the Deputy Prime Minister in the first Council of Ministers under Jawaharlal Nehru.

20.2 Before signing the Instrument of Accession with the Indian Government, what assurance was given to the Maharaja of Manipur ?

20.3 Which section of the people in Hyderabad rose against the Nizam and why ?

www.careerindia.com

21.




दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा मानचित्र में पाँच देश (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा दर्शाए गए हैं । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए तथा उनके नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |


(i) वह देश जहाँ जून 1992 में पृथ्वी सम्मेलन हुआ था ।

(ii) ग्रीन हाउस गैसों का प्रमुख उत्सर्जनकर्ता देश ।

(iii) बाँध-विरोधी, नदी बचाओ आंदोलनों के लिए जाना जाने वाला देश ।

(iv) क्योटो-प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से मुक्त रखा गया देश ।

(v) विश्व में खनिज तेल का दूसरे नम्बर का सबसे बड़ा उत्पादक देश । **5 × 1 = 5**




In the given political outline map of the world, five countries have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these countries on the basis of information given below and write their correct names in your answer book along with their respective serial number of the information used and the concerned alphabets as per the following format :

| Serial No. of the information used | Alphabet concerned | Name of the Country |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The country where 'Earth Summit' was held in June 1992.

(ii) A leading contributor to green house gas emissions.

(iii) A country known for its anti-dam pro-river movements.

(iv) A country exempted from the requirement of the Kyoto Protocol.

(v) The second largest producer of crude oil in the world.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित** परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं ।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

21.1. उस देश का नाम लिखिए जहाँ 1987 में मांट्रियल समझौते पर हस्ताक्षर किए गए ।

21.2. उस देश का नाम लिखिए जहाँ 1997 में 'क्योटो प्रोटोकॉल' पर सहमति बनी ?

21.3. "गैसों के उत्सर्जन के नियंत्रण की प्रमुख जिम्मेदारी विकसित देशों की है ।" यह दृष्टिकोण मुख्यतया किस देश का है ?

21.4 उत्तरी अमरीका का कौन सा देश अपने वन-आंदोलनों के लिए जाना जाता है ?

21.5 दक्षिण अमरीका के उस देश का उल्लेख कीजिए जो वनों के काटे जाने से अत्यंत दबाव झेल रहा है । **5 × 1 = 5**

**Note :** The following question is for the **Visually Impaired** candidates only, in lieu of Q. No. **21**.

Answer the following questions :

21.1 Name the country where 'Montreal Protocol' was signed in 1987.

21.2 Name the country where 'Kyoto Protocol' was agreed upon in 1997.

21.3 Which country mainly advocated the view that the major responsibility of curbing gas emissions rests with the developed countries ?

21.4 Which country from North America is known for its forest movements ?

21.5 Mention the South American country which is facing enormous pressure due to deforestation.

22. भारत में संघ सरकार तथा न्यायपालिका के बीच संघर्ष को जन्म देने वाले घटनाक्रमों का परीक्षण कीजिए । **6**

**अथवा**

1969 में पार्टी के विभाजन के पश्चात, कांग्रेस प्रणाली की पुनर्स्थापना के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए । **6**

Examine the developments that gave rise to the conflict between the Union Government and the Judiciary in India.

**OR**

Analyse the circumstances that led to the restoration of Congress System after the Party's split in 1969.

23. भारत के संयुक्त राज्य अमरीका के साथ कैसे संबंध होने चाहिए, इससे संबंधित भारत में प्रचलित किन्हीं तीन दृष्टिकोणों का विश्लेषण कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

भारत और बांग्लादेश के बीच पारस्परिक संबंधों में मतभेदों का विश्लेषण कीजिए । **6**

Analyse any three different views within India about the type of relationship India should have with the U.S.

**OR**

Analyse the differences in relationship between India and Bangladesh.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

24. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के नए स्थायी सदस्य बनने वालों के लिए प्रस्तावित तीन नए मानदण्डों का वर्णन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

सुरक्षा को अपरंपरागत खतरे के नए स्रोतों के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी महामारियों का वर्णन कीजिए । **6**

Describe the three new criteria that have been proposed for new permanent members of the U.N. Security Council.

**OR**

Describe health epidemics as the new source of threat under the non-traditional sources of threat to security.

25. जम्मू और कश्मीर की राजनीति को निरंतर विवादास्पद बनाने के लिए उत्तरदायी बाह्य तथा आंतरिक विवादों का वर्णन कीजिए । $3 + 3 = 6$

**अथवा**

राजीव गांधी की मृत्यु के पश्चात, भारत की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाले किन्हीं तीन प्रमुख बदलावों का वर्णन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

Describe the external and internal disputes responsible for making the politics of Jammu and Kashmir continuously controversial.

**OR**

Describe any three major developments that left a long lasting impact on the politics of India after the death of Rajiv Gandhi.

26. शीतयुद्ध काल में गुट-निरपेक्ष आंदोलन में भारत ने किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ? व्याख्या कीजिए । **6**

**अथवा**

विश्व का दूसरे नम्बर का सर्वाधिक शक्तिशाली देश, सोवियत संघ क्यों विघटित हुआ ? कोई छ: कारण स्पष्ट कीजिए । $6 \times 1 = 6$

How did India play a crucial role in the Non-aligned Movement during the Cold War period ? Explain.

**OR**

Why did the Soviet Union, the second most powerful country in the world, disintegrate ? Explain any six reasons.

27. 1962 के पश्चात भारत-चीन संबंधों पर पड़े प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **6**

**अथवा**

भारत अपनी विदेश नीति को शांतिपूर्ण ढंग से लागू करने तथा अंतर्राष्ट्रीय झगड़ों से बचे रहने में कहाँ तक सफ़ल रहा ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । **6**

Analyse the impact on Sino-Indian relations since 1962 onwards.

**OR**

How far has India been successful in conducting its foreign policy peacefully and avoiding international conflicts ? Explain with the help of examples.

www.careerindia.com